


## राजनीतिक

### • अलंकार हैं राहुल गांधी के वी. जॉर्ज!



राजनीतिक हलकों में यह कहा जाता है कि अलंकार सवाई भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की पर्दे के पीछे की टीम के एक प्रमुख सदस्य हैं और उसी पद पर हैं जो वी. जॉर्ज के पास था, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शक्तिशाली निजी सचिव के रूप में कार्य किया था।

### • अस्तित्व की प्रवृत्ति: क्या मुख्यमंत्री विजय की लोकप्रियता डीएमके और भाजपा को एक साथ आने के लिए मजबूर कर रही है?

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तमिलनाडु में मुख्यमंत्री विजय की लोकप्रियता ने डीएमके और भाजपा को गठबंधन करने के लिए मजबूर कर दिया है। ऐसी धारणा है कि केवल ये दोनों राजनीतिक दल ही तमिलनाडु सरकार का मुकाबला कर सकते हैं।

### • सरकार द्वारा 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता और दैनिक भत्ता की घोषणा किए जाने की संभावना

केंद्र सरकार जल्द ही अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनभोगी भत्ता (डीआर) की घोषणा कर सकती है। यह भत्ता और पेंशनभोगी भत्ता इस साल जुलाई से देय है।

### • जब मीडिया संस्थानों ने सचिव का लेख प्रकाशित करने से इनकार कर दिया?

एक मंत्रालय के सचिव ने अपने मंत्रालय की उपलब्धियों के बारे में एक लेख लिखा और कर्मचारियों ने उसे कुछ बड़े मीडिया संस्थानों को प्रकाशन के लिए भेजा। सूत्रों के अनुसार, कई बड़े मीडिया संस्थानों ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उक्त लेख को प्रकाशित करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर कर्मचारियों को बताया कि जब सचिव मीडिया से मिलने में रुचि नहीं रखते, तो हम भी उनका लेख प्रकाशित करने के इच्छुक नहीं हैं। हालांकि, कुछ छोटे और मध्यम आकार के मीडिया संस्थानों ने उनके लेख प्रकाशित कर दिए।

### • दिल्ली में एकीकृत परिवार कार्ड के लिए 'परिवार पहचान' कानून लागू किया जाएगा

दिल्ली सरकार 'परिवार पहचान' कानून को लागू करने की योजना पर आगे बढ़ रही है, जिसका उद्देश्य राजधानी भर में आधिकारिक 'परिवार कार्ड' शुरू करना है। इस विधायी पहल का लक्ष्य दिल्ली में रहने वाले सभी परिवारों का एक व्यापक, एकीकृत डेटाबेस स्थापित करना है ताकि राज्य की कल्याणकारी योजनाएं और विकास कार्यक्रम सीधे पात्र और वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सकें।

जुलाई में पहली बार घोषित की गई, एकीकृत परिवार डेटाबेस पहल का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और नकली या धोखाधड़ी वाले कल्याण दावों को समाप्त करना है। प्रत्येक परिवार कार्ड में परिवार से संबंधित महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक जानकारी समेकित की जाएगी।



### • वित्त मंत्री: बैंकिंग एनपीए अब तक के सबसे निचले स्तर पर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में गैर-लाभकारी परिसंपत्तियां (एनपीए) अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं, और उनका तर्क है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अब सुधार करने और कारोबार बढ़ाने के लिए बेहतर स्थिति में हैं। डीएफएस ने कॉन्फ्लुएंस के सभी सात विषयों पर विस्तृत शोध पत्र तैयार किए हैं।

## प्रशासनिक

### • क्या पीआईबी प्रमुख को कार्यकाल विस्तार मिलेगा?

पीआईबी प्रमुख धीरेंद्र ओझा को सितंबर के पहले पखवाड़े में होने वाले टोरंटो फिल्म महोत्सव में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया है। अब यह अफवाह है कि उन्हें एक साल का कार्यकाल विस्तार मिल सकता है, अन्यथा वे सितंबर में ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

### • क्या विनयतोष मिश्रा ओडिशा के नियमित डीजीपी बनेंगे?

ओडिशा सरकार 18 अगस्त 2026 की अदालती समय सीमा के बाद नियमित डीजीपी की नियुक्ति पर फैसला करेगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पैनल विस्तार प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका के बाद यूपीएससी चयन प्रक्रिया पर रोक लगाने के बाद, आईपीएस अधिकारी विनयतोष मिश्रा राज्य पुलिस प्रमुख का अतिरिक्त प्रभार संभालते रहेंगे।

### • कर्नाटक के डीजीपी द्वारा व्यवस्थित प्रणाली का उन्मूलन



कर्नाटक के डीजीपी डॉ. एम.ए. सलीम (आईपीएस-1993), जिन्हें अगस्त 2027 तक पूरे एक साल का विस्तार मिला है, औपनिवेशिक काल की व्यवस्था प्रथा को समाप्त करने और कांस्टेबलों को व्यक्तिगत घरेलू कार्यों से हटाकर पुलिसिंग की मुख्य जिम्मेदारियों की ओर निर्देशित करने के लिए अपने प्रमुख प्रशासनिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं। क्या अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे?

### • शैलेंद्र सिंह मध्य प्रदेश में आरईआरए के नए अध्यक्ष बने।

शैलेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश आरईआरए (रेरा)का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे मध्य प्रदेश कैडर के 1988 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं।

### • संजय गुप्ता मध्य प्रदेश में आरईआरए के सदस्य

संजय गुप्ता को मध्य प्रदेश में आरईआरए (रेरा)का सदस्य नियुक्त किया गया है। वे मध्य प्रदेश कैडर के 2007 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं।

### • कर्नाटक पुलिस में विशेष पदों की नियुक्ति को बढ़ावा

कर्नाटक में हाल ही में हुए पुलिस फेरबदल से पता चलता है कि अब नियमित तबादलों की बजाय यातायात प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा, पुलिस परिसंघ (सीआईडी) और प्रौद्योगिकी आधारित पुलिसिंग जैसे विशिष्ट परिचालन पदों पर नियुक्तियों की ओर रुझान बढ़ रहा है। यह प्रवृत्ति उभरती परिचालन प्राथमिकताओं के लिए अधिकारियों की तैनाती पर अधिक ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है।

### • सरकार ने दो आईटीएस अधिकारियों के तबादले रद्द किए

विभाग ने दो आईटीएस अधिकारियों - अतीक अहमद और मनीष रंजन - के तबादलों के आदेश रद्द कर दिए हैं। दोनों ही जेएजी स्तर के अधिकारी हैं।

# माफिया के सामने घुटने टेक कर यूपी को बना दिया था बीमारू प्रदेश : योगी

## मुख्यमंत्री ने एक बार फिर पहले की सरकारों पर निशाना साधा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर पहले की सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने माफिया के सामने घुटने टेक कर यूपी को बीमारू प्रदेश बना दिया था। सरकारों के एजेंडे में प्रदेश का विकास नहीं था। उनका विकास केवल 'सैफई सिंडिकेट' के विकास तक सीमित था। उनका खुद का विकास हो, बाकी प्रदेश भाड़ में जाए। इसीलिए वे दंगा, गुंडागर्दी, लूटपाट और प्रदेश के खजाने की लूटपाट करवाते थे।

मंगलवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित पीआरडी जवानों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग प्रदेश को लूटते और लुटवाते थे उनसे प्रदेश की प्रगति की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि प्रदेश को लूटने वालों ने अपने बाल-बच्चों के लिए, आने वाली कई पीढ़ियों के लिए भारी भरकम धनराशि संचित करके रखा हुआ है। इनको लगता है कोई खतरा आएगा और यहां से भाग जाएंगे। सीएम ने कहा अमेरिका-ईरान



युद्ध के दौरान मौतें दुबई में हो रही थीं, मिसाइल वहां गिर रही थी और चिल्लाहट इन नेताओं के घर में यहां हो रही थी। क्योंकि, उनका सब अवैध कमाई का पैसा जा रहा था। वो मिसाइल उनके अवैध कमाई पर भी गिर रही थी।

सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का एक ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। नौ वर्ष में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना किया है। 12 लाख करोड़ रुपये वाली उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज 36 लाख करोड़ रुपये की है। प्रति व्यक्ति आय 43000 रुपये थी, आज वह एक लाख 20 हजार रुपये है। सालाना बजट तीन लाख करोड़ से बढ़कर 9 लाख 70 हजार करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सीएम ने कहा यह प्रगति के साथ प्रगति का नया मानक भी है।

मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों के कार्यों की प्रशंसा की, उन्हें प्रोत्साहित किया। कहा, 'हमने गांव, गरीब, नौजवान, महिलाओं की बात की है तो साथ ही जवान की बात भी की है। सीएम योगी ने कहा कि जब सबने मिलकर प्रयास किया तो परिवर्तन भी हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में विकास और सकारात्मक परिवर्तन नजर आता है। जबकि इसी प्रदेश में पहले रोज दंगे होते थे, कर्फ्यू लगता था। न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के विकास को लेकर वही लोग आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं, जो मौका मिलने पर खुद कुछ कर नहीं पाए। आज जब कोई परिणाम दे रहा है तो उन्हें सबसे ज्यादा बुरा यह लग रहा है कि हम कर नहीं पाए, यह कैसे कर दिए।

### भूमि संबंधी प्रकरणों में उदासीनता या लापरवाही बरतने पर मुख्यमंत्री सख्त

# 'रास्ता न दिला पाएं तो कानूनगो, लेखपाल, तहसीलदार सबको सस्पेंड करो' : योगी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूमि संबंधी प्रकरणों में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ा संदेश दिया है। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने जब यह पीड़ा सुनाई कि दबंग यह धमकी देते हुए रास्ता नहीं दे रहे हैं कि चाहे जहां शिकायत कर लो तो मुख्यमंत्री की भृकुटि तन गई।

उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला को रास्ता दिलवाया जाए। यदि रास्ता दिलवाने में लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार खुद को लाचार मानते हों तो उन सबको सस्पेंड किया जाए।

सीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जहां भी भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर हीलाहवाली मिले तो वहां संबंधित कार्मिक या अधिकारी के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाए। प्रकरण की गंभीरता के अनुसार संबंधित के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाए। सीएम ने कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही कतई क्षम्य नहीं है।

सोमवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। उनके पास जाकर समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण प्रतिबद्धता के साथ कराया जाएगा। एक महिला की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'रास्ता न दिलाने पर लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार सबको सस्पेंड करो।' जनता दर्शन में कुछ अन्य लोगों ने भी जमीन से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों की तरफ से लापरवाही किए जाने की शिकायत की, जिस पर सीएम ने संबंधित जिलाधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

# योगी ने ऑटोमोबाइल कंपनियों के प्लांट का किया शिलान्यास

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, नोएडा :** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में ट्रैक्टर निर्माण और ऑटोमोबाइल कंपनियों के लिए हार्नेस वायर बनाने के दो प्लांट का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वर्चुअल तरीके से दिल्ली में आयोजित एक जापानी निवेश कार्यक्रम के दौरान किया। इन दोनों प्लांट में करीब 5145 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। पहले मुख्यमंत्री को यमुना सिटी आना था। अधिकारियों के मुताबिक बाद में कार्यक्रम में कुछ बदलाव हुआ है। मुख्यमंत्री बुधवार सुबह नौ बजे वर्चुअल जुड़कर शिलान्यास किया।

यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि सेक्टर-10 में जापान और भारतीय कंपनी के संयुक्त उपक्रम एस्कॉर्ट-कुबोता का प्लांट लगाया जाना है। यहां ट्रैक्टर और खेती में उपयोग होने वाले दूसरे उपकरण बनाए जाने हैं। इस प्लांट के लिए यमुना प्राधिकरण ने पूर्व में करीब 190 एकड़ जमीन आवंटित की थी। अब शिलान्यास के बाद कंपनी यहां निर्माण शुरू करेगी जिससे उत्पादन भी जल्दी शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 4500 करोड़ रुपये का निवेश इस प्रोजेक्ट में कंपनी करेगी।उन्होंने बताया कि इसके अलावा स्पार्क मिंडा समूह की कंपनी मिंडा कॉरपोरेशन का सेक्टर-24 में प्लांट का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने बुधवार को किया।

# उद्योगों को त्वरित बिजली कनेक्शन देने पर योगी सरकार का फोकस, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

## निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यूपीपीसीएल ने कसा शिकंजा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों को गति देने के लिए योगी सरकार ने विद्युत कनेक्शन प्रक्रिया को और तेज व पारदर्शी बनाने की दिशा में सख्त कदम उठाए हैं। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने विद्युत व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की उद्योगों एवं व्यापारिक गतिविधि को बढ़ावा देना प्रमुख प्राथमिकता है। इसलिये निवेश मित्र पोर्टल आदि पर कनेक्शन के आवेदनों का अतिशीघ्र निस्तारण होना चाहिए।

**लंबित मामलों के समाधान पर विशेष जोर**-यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने कहा कि कनेक्शन देना हमारा काम है, इसमें विलंब ठीक नहीं है। अगर कहीं विलंब की शिकायत आएगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। विद्युत निगमों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि विद्युत कनेक्शन देने में आनाकानी या विलंब की शिकायत आने पर कार्रवाई के साथ जिम्मेदार अधिकारी की विजिलेंस जांच भी कराई जाएगी।

झटपट एवं निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को आवेदनवार स्थिति की निगरानी करने तथा जहां आवश्यक हो, आवेदकों से तत्काल संपर्क कर लंबित मामलों का समाधान कराने को भी कहा है।

### सेवाओं में सुधार के निर्देश

यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने बैठक में नगरीय, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, फीडर मीटरों के आंकड़ों तथा वितरण व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मानकों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फीडर स्तर के आंकड़ों का नियमित विश्लेषण करते हुए जहां भी कमियां सामने आएं, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करें।निर्देश दिए कि शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों का मौके पर अधिक से अधिक निस्तारण किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। फीडरवार कार्य योजना बनाकर नियमित कार्यवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल**
**नोटिस प्रकाशन हेतु**
**उत्तराधिकार**

एमजेसी एसयूसी/141/2026
किरण राघव बनामद न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
NEXT DATE :24-09-2026

**प्रेषिती,** सर्वसाधारण आज जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किरण राघव पता-ई-6/जे-107, जनता क्वार्टर, अरेरा कॉलोनी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल मध्यप्रदेश ने मृतक स्व. श्री भानुप्रताप सिंह राघव की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 24/09/2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभवक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 24/09/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।यह आज तारीख 04/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:- 1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**न्यायाधीश श्रीमती मेघा अग्रवाल**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड**
**भोपाल (म.प्र.)**

1348

### लेखपाल 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद की ट्रैप टीम ने बुधवार को जनपद संभल के तहसील गुन्नौर में राजस्व लेखपाल अमन कुमार को 10,000 की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि आरोपित लेखपाल ने जमीन की पैमाइश व ठियाबंदी करने पर अपनी आख्या देने के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

**पश्चिम मध्य रेल**
**शुद्धि पत्र संख्या 10/2026**

निविदा सं. 50265073_RC1 जिसके खुलने की तिथि 31/08/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/23/2026 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं- **(1) निविदा सं. एवं संक्षिप्त विवरण:** 50265073_RC1 Description:- PVC इंसुलेटेड अर्मोरेड, unscreened, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल ऑफ साइज 12Cx1.5 Sq.mm **Description:** From: PVC Insulated armoured, unscreened, Underground Railway signalling cable of size 12C x 1.5 Sq mm conforming to IRS Specification No. IRS: S - 63/2014 rev.4.0 or latest amendment. To PVC Insulated armoured, unscreened, Underground Railway signalling cable of size 12Cx 1.5 Sq mm conforming to IRS Specification No. IRS: S - 63/2014 rev.4.0. अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखें।

(हस्ता.)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प.म.रे./ जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की जमीन अदला-बदली मामले में हुई सुनवाई, अगली तारीख 14 अक्टूबर को

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से जुड़ी जमीन की अदला-बदली के मामले में बुधवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) खलीफा तुलिका बंधु की अदालत में सुनवाई हुई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद ने जवाबदेही समाप्त करने के अवसर को समाप्त करने के अदालत के पिछले आदेश को वापस लेने की गुहार लगायी।

वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से कोई भी अदालत मे हाजिर नहीं हुआ। मामले में सुनवाई के दौरान अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से प्रार्थना पत्र देकर सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश का हवाला देकर कार्यवाही स्थगित करने की मांग की गई। जिस पर वादी बनारस बार के पूर्व महामंत्री अधिवक्ता नित्यानंद राय ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

अधिवक्ता ने अदालत को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को भी पढकर सुनाया। और कहा कि इस आदेश के मुताबिक किसी प्रकार के सर्वे रिपोर्ट के लिये आदेश या किसी प्रभावकारी अंतरिम या अंतिम आदेश के लिये सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगायी है। मुकदमे को पूरी तरह से स्टे नहीं किया है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**अधिसूचना**
**सेवानिवृत रेल कर्मचारियों को संविदा के आधार पर पुनः नियोजन हेतु।**

इस कार्यालय के पत्र कमांक पमरे/का. जबल/ईजी/947/Re-Employment/भाग-।। दिनांक 17.08.2026 के संदर्भ में इंजीनियरिंग विभाग में रिक्त पदों के विरूद्ध इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी / दिनांक 31.08.2026 तक सेवानिवृत्त होने वाले अराजपत्रित रेल कर्मचारियों से संविदा के आधार पर कार्य कराने जाने (पुनःनियोजन) का निर्णय लिया गया हैं, जिसके तहत आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। 65 वर्ष की आयु तक पुनः नियोजन का प्रावधान हैं।

इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना एवं जानकारी पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट (www.wcr.indianrailways.gov.in) पर भी उपलब्ध हैं।

(हस्ता.)
कृते मं.रे.प्रबं. (का.), प.म.रे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## आपका राशिफल 20 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करें। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक 5 7 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सैर सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक 6 7 8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक 2 4 6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

**डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर अनुसूचित जाति सहकारी साख संस्था मर्या.**
**ए.आर.बी./980 दिनांक 19.7.2010**
**म.नं. 2543, राजश्री निकेतन स्कूल के पास, नारियल खेड़ा, भोपाल-462038**
**क्र: डा./ब./स./अ./449 दिनांक 19.08.2026**

**वार्षिक साधारण सभा वर्ष 2025-26 की सूचना**

**प्रति,** मान्यवर सदस्यगण। डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर अनुसूचित जाति सहकारी साख संस्था मर्यादित नारियलखेड़ा जिला भोपाल के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.07.2026 को संचालक मण्डल के निर्णयानुसार संस्था की वर्ष 2025-26 की 16वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 23.08.2026 रविवार को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर सामुदायिक भवन नारियलखेड़ा भोपाल पर सुबह 10:30 बजे आयोजित की गई है जिसमें एजेण्डा विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। सभी अंशधारी सदस्य उपरोक्त दर्शाये गये दिनांक समय व स्थान पर उपस्थित होकर सभा में अपना सहयोग प्रदान करें।

**अध्यक्ष, बालचंद हवेलिया**
**मो. 9589073535**

1348

**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल**

एमजेसी एसयूसी/148/2026
आशा श्रीवास्तव **बनाम** सर्वसाधारण
**NEXT DATE : 07-10-2026**

**प्रेषिती-आम जनता** को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशा श्रीवास्तव पता एफ-1, के.एस.पी. कॉलोनी, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, जिला भोपाल, म.प्र ने मृतक स्व. श्री अमन श्रीवास्तव की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 07.10.2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 07.10.2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 11.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल**

1347

**न्यायालय-राजेन्द्र कुमार अहिरवार, व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड), मालथौन, जिला-सागर (म.प्र.)**
**संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु**
**प्रकरण एम.जे.सी. एस.यू.सी. क्रमांक-2/2028**
**पेशी दिनांक-14.09.2028**

नन्नीबाई...**वादी**...**विरूद्ध**...आम जनता...**प्रतिवादीगण**

**प्रतिवादी क्र.1.** शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक बांदरी **2.** श्री भीकम विश्वकर्मा पिता स्व. मोहन विश्वकर्मा निवासी पिठोरिया आयु 55 वर्ष, **3.** श्री केदारनाथ विश्वकर्मा पिता स्व. मोहन विश्वकर्मा निवासी-पिठोरिया आयु 45 वर्ष, **4.** श्रीमती मीरा पति श्री भगवती प्रसाद निवासी-खुरई आयु 56 वर्ष, **5.** श्रीमती रामवती पति श्री हेमंत निवासी कोलुआ आयु 44 वर्ष, **6.** श्रीमती गीता पति श्री हरगोविंद निवासी वसिया आयु 39 वर्ष, **7.** आम नागरिग जिला सागर म.प्र. **विरूद्ध** प्रकाशन हेतु पता-नई दुनिया समाचार पत्र सागर जिला सागर यह कि प्रतिवादी क्रं. श्री भीकम विश्वकर्मा, श्री केदारनाथ विश्वकर्मा, श्रीमती मीरा, श्रीमती रामवती, श्रीमती गीता, आम जनता, आपको इस न्यायालय में सूचना पत्र के प्रकाशन में 30 दिवस के भीतर (पेशी दिनांक 14.09.2026) प्रतिवादी साक्ष्य देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद/आवेदन पत्र से संबंधित सभी सारवान कार्यवाही कर सके। आपको ये निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी साक्ष्य प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप वाद का निराकरण मध्यस्थ के माध्य से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। यह आज तारीख 19.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राजेन्द्र कुमार अहिरवार)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मालथौन, जिला सागर म.प्र.**

AG

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण 1. श्री ओमप्रकाश आत्मज श्री बाबूलाल, 2. श्रीमती गीता बाई पत्नी श्री ओम प्रकाश द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति एक मकान मय प्लाट नं.177, जिसका प्लाट क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट है, जिसके भूतल पर 600 वर्गफिट मकान बना हुआ है एवं शेष 600 वर्गफिट खुला भाग है तथा जो कि ग्राम कुराना, ग्राम पंचायत कुराना, पटवारी हल्का. 09, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं, पूर्व में-पार्वती बाई का मकान, पश्चिम में-गोविन्द का मकान, उत्तर में-राहुल का मकान, दक्षिण में-रास्ता है, को DMI Housing Finance Pvt. Ltd. शाखा पता-अमित कॉम्पलेक्स, प्लाट नं. 66, जोन 2, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.)-462011 के पक्ष में बंधक करके ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। यदि उक्त सम्पत्ति को बंधक करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय, किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई लेना-देना निकलता हो, उनके पक्ष में ऊपरवर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक् बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्राप्त कर लेंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट**
**फ्लैट नं.सी-106, प्रथम तल, चन्दन ब्लाक, चिनार रिट्रीट, जीवन मोटर्स के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल**
**मो.-9827223510, 7987467025**

1346